Navbharat Times Edition Delhi
31.5.2017 Page 14
Height 6.44cm Width 17.16 cm

मिड डे मील : आधार के लिए हर दिन का प्लान

Poonam.Pandey@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली :** मिड डे मील के लिए आधार जरूरी करने से पहले एचआरडी मिनिस्ट्री ने हर राज्य के साथ मिलकर स्टूडेंट्स को आधार कार्ड देने का डिटेल प्लान तैयार किया है। अभी ज्यादातर स्कूलों में छुट्टियां चल रही हैं। इस दौरान पूरा प्लान तैयार किया जा रहा है। स्कूल खुलते ही स्कूलों में जाकर बच्चों के आधार कार्ड बनाने की प्लानिंग है। मानव संसाधन मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ मिलकर इस दिशा में तेजी से काम करने की कोशिश कर रहा है, जिससे तय वक्त तक सभी बच्चों को आधार कार्ड मिल जाएं और 1 सितंबर से आधार-कार्ड होने पर ही मिड-डे-मील स्कूली बच्चों को दिया जा सके।

घपला न हो' : मिनिस्ट्री के एक अधिकारी के मुताबिक पहले मिड-डे-मील के लिए 1 जुलाई से आधार कार्ड जरूरी किया जाना था, लेकिन बाद में इसकी तारीख बढ़ाकर 1 सितंबर कर दी गई है। अब हमारी कोशिश है कि 1 सितंबर से पहले हर बच्चे को आधार कार्ड मिल जाए। इसके लिए डिटेल प्लान बनाया गया है। किस तारीख को किस स्कूल में कौन सी टीम जाएगी, यह योजना भी तैयार की जा रही है, जिससे कोई स्कूल न छूटे और हर स्कूल में जाकर टीम बच्चों को आधार कार्ड दे सके। सब बच्चों के आधार कार्ड न बनने की वजह से ही इसे लागू करने की तारीख 2 महीने आगे बढ़ाई गई है।

'बच्चे का हक न मारा जाए' : अधिकारी ने बताया कि कोई भी सही बच्चा अपने हक से वंचित न रहे, इसके लिए सभी राज्यों के साथ मिलकर प्लान तैयार किया जा रहा है, जिससे इस बार अगस्त के आखिर तक सभी बच्चों के पास आधार कार्ड हों। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड के मामले में सबसे अच्छा काम आंध्र और झारखंड में हुआ है। यहां ज्यादातर बच्चों के पास आधार कार्ड हैं। सबसे खराब स्थिति कश्मीर और बंगाल में है।